13. पी, क्यू, आर तथा एस एक फर्म के साझेदार थे तथा 1 : 4 : 2 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1-4-2016 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था : **6**

**1-4-2016 को पी, क्यू, आर तथा एस का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | स्थायी सम्पत्तियाँ | 12,70,000 |
| पी. | 2,00,000 | | चालू सम्पत्तियाँ | 5,30,000 |
| क्यू | 3,00,000 | | | |
| आर | 4,00,000 | | | |
| एस | 5,00,000 | 14,00,000 | | |
| विभिन्न लेनदार | | 2,30,000 | | |
| कामगार क्षतिपूर्ति संचय | | 1,70,000 | | |
| | | **18,00,000** | | **18,00,000** |

उपरोक्त तिथि से साझेदारों ने भविष्य में लाभ बराबर बाँटने का निर्णय किया । इस कार्य के लिए फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 2,70,000 किया गया ।

साझेदारों ने निम्न के बारे में भी निर्णय लिया :

(i) कामगार क्षतिपूर्ति संचय के विरुद्ध दावे का अनुमान ₹ 2,00,000 लगाया गया ।

(ii) साझेदारों की पूँजी का समायोजन नये लाभ अनुपात में किया जायेगा इसके अनुसार आवश्यकतानुसार नगदी लायी जायेगी अथवा भुगतान किया जायेगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए ।

P, Q, R and S were partners in a firm sharing profits in the ratio of 1 : 4 : 2 : 3. On 1-4-2016 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of P, Q, R and S as on 1-4-2016**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Fixed Assets | 12,70,000 |
| P | 2,00,000 | | Current Assets | 5,30,000 |
| Q | 3,00,000 | | | |
| R | 4,00,000 | | | |
| S | 5,00,000 | 14,00,000 | | |
| Sundry Creditors | | 2,30,000 | | |
| Workmen Compensation Reserve | | 1,70,000 | | |
| | | **18,00,000** | | **18,00,000** |

From the above date the partners decided to share the future profits equally. For this purpose the goodwill of the firm was valued at ₹ 2,70,000.

The partners also agreed for the following :

(i) Claim against workmen compensations reserve was estimated at ₹ 2,00,000.

(ii) Capitals of the partners was to be adjusted according to the new profit sharing ratio by bringing or paying cash as the case may be.

Prepare Revaluation Account, Partners Capital Accounts and the Balance Sheet of the reconstituted firm.

14. 1-4-2015 को पी.वी.आर. लिमिटेड ने ₹ 1000 प्रत्येक के 750, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% के बट्टे पर किया । ऋणपत्रों का शोधन तीन वर्षों के पश्चात् 10% के अधिलाभ पर करना है । ऋणपत्रों पर ब्याज 30 सितम्बर तथा 31 मार्च को देय होता है । पी.वी.आर. लिमिटेड अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बन्द करती है । स्रोत पर कर कटौती की दर 10% है । **6**

31 मार्च, 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए ऋणपत्रों के निर्गमन तथा ब्याज के भुगतान की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

On 1-4-2015 PVR Ltd. issued 750, 11% debentures of ₹ 1,000 each at a discount of 5%, redeemable at a premium of 10% after three years. Interest on debentures is payable on 30th September and 31st March. PVR Ltd. closes its books on 31st March every year. The rate of tax deducted at source is 10%.

Pass necessary Journal Entries for the issue of debentures and the payment of interest for the year ended 31st March, 2016.

15. एक फर्म के विघटन पर निम्न अवस्थाओं में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : **6**

(i) एक साझेदार, धरम, को ₹ 12,000 के वेतन पर विघटन प्रक्रिया की देखरेख के लिए नियुक्त किया गया । उसे विघटन व्ययों को वहन करना था । विघटन व्यय ₹ 11,000 का भुगतान धरम द्वारा किया गया ।

(ii) एक साझेदार, जय, को विघटन प्रक्रिया की देखरेख के लिए नियुक्त किया गया तथा उसे ₹ 15,000 का वेतन दिया गया । जय विघटन व्यय वहन करने के लिए सहमत हो गया । वास्तविक विघटन व्यय ₹ 16,000 का भुगतान एक दूसरे साझेदार विजय ने जय की तरफ से किया ।

(iii) एक साझेदार, दीपा, को विघटन प्रक्रिया की देखरेख के लिए नियुक्त किया गया । जिसके लिए उसे ₹ 7,000 का वेतन दिया गया । दीपा विघटन व्ययों का भुगतान करने के लिए सहमत थी । वास्तविक विघटन व्यय ₹ 6,000 का भुगतान फर्म के बैंक खाते से किया गया ।

(iv) एक साझेदार, देव, ₹ 7,500 पर विघटन कार्य करने के लिए सहमत हो गया । उसने समान राशि का स्टॉक अपने कमीशन के रूप में ले लिया । स्टॉक का स्थानांतरण पहले ही विघटन खाते में कर दिया गया था ।

(v) एक साझेदार, जीव, विघटन कार्य करने के लिए सहमत हो गया, इसके लिए उसे ₹ 10,000 कमीशन दिया गया । वह विघटन व्ययों का भुगतान करने के लिए सहमत हो गया । जीव द्वारा भुगतान किये गये वास्तविक विघटन व्यय ₹ 12,000 थे । इन व्ययों का भुगतान जीव ने फर्म से नगदी का आहरण करके किया ।

(vi) ₹ 8,000 का एक देनदार, जिसकी राशि को पहले ही विघटन खाते में स्थानांतरित कर दिया गया था, ने अपने ऋण के पूर्ण निपटारे के लिए विघटन व्यय ₹ 7,800 के भुगतान के लिए सहमति दी ।

Pass necessary Journal Entries on the dissolution of a firm in the following cases.

(i) Dharam, a partner, was appointed to look after the process of dissolution at a remuneration of ₹ 12,000 and he had to bear the dissolution expenses. Dissolutions expenses ₹ 11,000 were paid by Dharam.

(ii) Jay, a partner, was appointed to look after the process of dissolution and was allowed a remuneration of ₹ 15,000. Jay agreed to bear dissolution expenses. Actual dissolution expenses ₹ 16,000 were paid by Vijay another partner on behalf of Jay.

(iii) Deepa, a partner, was to look after the process of dissolution and for this work she was allowed a remuneration of ₹ 7,000. Deepa agreed to bear dissolution expenses. Actual dissolution expenses ₹ 6,000 were paid from the firm's bank account.

(iv) Dev, a partner, agreed to do the work of dissolution for ₹ 7,500. He took away stock of the same amount as his commission. The stock had already been transferred to realisation account.

(v) Jeev, a partner, agreed to do the work of dissolution for which he was allowed a commission of ₹ 10,000. He agreed to bear the dissolution expenses. Actual dissolution expenses paid by Jeev were ₹ 12,000. These expenses were paid by Jeev by drawing cash from the firm.

(vi) A debtor of ₹ 8,000 already transferred to realization account agreed to pay the realizations expenses of ₹ 7,800 in full settlement of his account.

